# आवश्यक दिशा निर्देश

- सब–रीजनल साईन्स सेन्टर, बोधगया के खुले रहने की अवधि : 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक।
- सब–रीजनल साईन्स सेन्टर, बोधगया प्रत्येक सोमवार को आम दर्शकों के लिये बन्द रहेंगा।
- कॉउन्टर से टिकट प्राप्त करने की अवधि : 10:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक।
- ऑनलाइन टिकट की अग्रिम बुकिंग भ्रमण के सात (07) दिन पहले से की जा सकेगी।
- प्रवेश शुल्क :–
    - सामान्य दर्शक (06 वर्ष से अधिक) – रू0 10.00 (दस रूपये मात्र)
    - स्कूली छात्र/छात्राओं का संगठित समूह (कम से कम 20 छात्र/छात्राएँ एवं प्रधानाचार्य के स्तर से निर्गत आदेश पत्र के साथ) – रू0 05.00 (पाँच रूपये मात्र)
    - विदेशी पर्यटक (03 वर्ष से अधिक) – रू0 100.00 (सौ रूपया मात्र)
    - छः (06) वर्ष के ऊपर के सभी बच्चों का टिकट लगेगा।
- टिकट ऑनलाइन एवं काउन्टर से भी प्राप्त किया जा सकता है।
- टिकट कटाने के पश्चात् रद्द नहीं किया जायेगा एवं इसकी शुल्क वापसी नहीं होगी।
- परिसर के अन्दर सरकारी सम्पति को छतिग्रस्त न करें। छतिग्रस्त करने पर सम्पति की भरपाई आपको करनी होगी।
- परिसर के अन्दर यत्र–तत्र न थूकें। परिसर के अन्दर यत्र–तत्र थूकते हुए पाये गये तो 500.00 रूपये का जुर्माना वसूला जायेगा।
- परिसर के अन्दर धूमपान सख्त मना है। परिसर के अन्दर धूमपान करते हुए पाये गये तो 500.00 रूपये का जुर्माना वसूला जायेगा।
- परिसर के अन्दर ब्रीफकेस, बैग, स्कूल बैग एवं कोई पैकेट अथवा बक्सा ले जाना मना है। इन्हें टिकट काउन्टर के बगल में अमानती सामान्य घर में रखें।
- परिसर के भीतर धूमपान पूर्णतः निषेध है तथा गुटखा, पान एवं खैनी का सेवन करना वर्जित है।
- परिसर में शराब या किसी नशे के प्रभाव में अथवा किसी संक्रमण रोग के साथ परिसर में प्रवेश वर्जित है।
- परिसर के भीतर किसी जानवर को ले जाना मना है।
- परिसर के अन्दर अलग–अलग स्थानों पर कूड़ादान उपलब्ध है। कृपया उसका उपयोग कर परिसर को स्वच्छ रखें।
- किसी भी प्रकार के शिकायत अथवा सुझाव को टिकट कॉउन्टर या कार्यालय में उपलब्ध सुझाव पुस्तिका में दर्ज करें।
- आंगतुकों से अनुरोध है कि परिसर के अन्दर अपने समानों की सुरक्षा स्वंय करें अन्यथा परिसर के अन्दर किसी भी समान के खोने अथवा चोरी होने की स्थिति में केन्द्र की जिम्मेवारी नहीं होगी।

आदेशानुसार
व्यवस्थापक
सब–रीजनल साईन्स सेन्टर, बोधगया